हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 सितंबर 2025

04 नेहरू पार्क की दुकानों का बराबर पार्टीशन...



07 एक-एक आवेदन का हो रहा माइक्रो वेरीफिकेशन...





## खबर संक्षेप

### कामगार समिति की वार्षिक आमसभा 13 को

**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा वर्कर सहकारी साख एवं कामगार समिति मर्यादित, नर्मदापुरम की वार्षिक आमसभा 13 सितंबर 2025 शनिवार दोपहर 2:00 बजे आयोजित की जाएगी। आमसभा का आयोजन पचमढ़ी स्थित इंदिरा गांधी प्रशिक्षण विद्यालय में किया जाएगा। आमसभा में संस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें पारित किया जाएगा। सभी सदस्यों से आग्रह किया गया है कि सभा में उपस्थित होकर सभा की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लें

### पशु एवं फसल क्षति में राहत राशि दी जाए

**नर्मदापुरम।** कमिश्नर बुधवार को समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए की बारिश के मौसम को देखते हुए फसल क्षति एवं पशुधन क्षति की प्रबल संभावना बनी रहती है। यदि कहीं से भी पशु धन क्षति एवं फसल क्षति की जानकारी प्राप्त होती है तो हितग्राही को प्राथमिकता से राहत राशि देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जनहानि होने पर भी राहत राशि आरबीसी 6/4 के तहत प्रदान की जाए।

## प्रशासन का कहना है खाद की कोई कमी नहीं, फिर क्यों परेशान हैं किसान

# खाद की किल्लत से किसान परेशान टोकन लेने के लिए घंटों लगती कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मौसम की मार हो या शासन की अनदेखी हमेशा किसानों के लिए सिर का दर्द बनी रहती है। अभी तक तो मौसम ने किसानों का साथ तो दिया लेकिन सरकार की नीति एवं खाद की कालाबाजारी के कारण किसान इस मौसम का कोई फायदा नहीं उठा पा रहा है। डाबल लॉक, सोसायटियों में किसान बारिश में भीगते हुए दिन इंतजार में खड़े होकर टोकन ले रहे हैं। इसके बाद फिर खाद के लिए लंबा इंतजार करना होता है। इंतजार जैसे तैसे खत्म होता है तब डबल लॉक से एक बोरी प्रति एकड़ या कभी कभी 10 बोरी से ज्यादा खाद नहीं दिया जाता। बांकी खाद के लिए पुनः पूरी प्रक्रिया अपनाई जाती है। अभी सरकार की खाद वितरण का जो तरीका है उससे एक किसान परिवार से कम से कम दो सदस्य लगातार खाद की व्यवस्था में लगे रहते हैं। ऐंसे खेत की रखवाली सहित अन्य कार्य प्रभावित होते हैं। वहीं प्रशासन द्वारा लगातार कहा जाता है कि खाद की कमी कोई नहीं है। फिर भीड़ क्यों लग रही हैं।

किसानों के लिए बनी खाद की समस्या फिर उभर आई है। किसान भर बरसात में खाद के टोकन लेने लाइन लगाए खड़े रहे।



### डीएपी के लिए लगी लंबी लाइन

नर्मदापुरम के माखननगर में डीएपी-यूरिया के लिए किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। बुधवार को किसान गिरते पानी टोकन लेने लम्बी कतार में खड़े रहे। डबल लॉक गोदाम पर सुबह टोकन बांटे गए थे, सुबह से किसान पहुंच गए।सुबह से बारिश का सिलसिला भी जारी रहा। इस बीच बारिश में भी किसान छाता लगाकर कतार में खड़े रहे।

### एसडीएम ने की कार्रवाई, डीएपी यूरिया बरामद



नर्मदापुरम के बांद्राभान रोड पर घानाबढ़ के पास एक दुकान में 170 बोरी डीएपी और यूरिया का अवैध स्टॉक पकड़ा गया। दुकान में बिना लाइसेंस के किसानों को महंगे दामों पर खाद बेची जा रही थी। जानकारी मिलने पर एसडीएम नीता कोरी के निर्देश पर बुधवार शाम 4 बजे तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव ने छापा मारा। मामले में कालाबाजारी की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कालाबाजारी करने के लिए डीएपी और यूरिया का स्टॉक किया गया था।



कार्रवाई तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण दिव्यांशु नामदेव के नेतृत्व राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी भी उपस्थित रहे। दुकानदार मोहन खंडेलवाल का कहना है कि मैंने अपने उपयोग के लिए डीएपी और यूरिया डबल लॉक गोदाम नर्मदापुरम से खरीदकर लाया था। एक दो किसान ने मुझसे मांगा तो मैंने उनकी मदद की। मैं कोई व्यापार नहीं कर रहा था। ग्रामीण तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव ने कहा अवैध तरह से डीएपी, यूरिया बेचने की सूचना मिली थी। मौके पर 170 बोरी डीएपी, यूरिया की बोरी जब्त की है। जिसके पास लाइसेंस नहीं मिला है। दुकानदार ने डबल लॉक गोदाम से डीएपी, यूरिया खरीदने के बिल उपलब्ध कराएं है। जिसकी जांच जारी है।

## किराएदार के घर से मकान मालिक के बेटे ने उड़ाया सोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदापुरम शहर की तिवारी कॉलोनी में किराएदार के घर में लाखों की चोरी की वारदात हुई है। फरियादी ने मकान मालिक के बेटे पर 19 तोला सोने के जेवर और 1.5 लाख रुपए नगद चोरी का आरोप लगाया है। चोरी की अनुमानित राशि 10 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। पूरी घटना घर में लगे CCTV कैमरे में कैद हुई। आरोपी को पुलिस ने मंगलवार रात हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

फरियादी भारती सोनी पति सुमित सोनी, गीता मैरिज गार्डन के पास स्थित लक्ष्मणदास आहूजा के मकान में किराए से रहते हैं। भारती ने बताया कि 27 अगस्त को वह और उनके पति अपनी दुकान पर थे। घर खाली था। रात करीब 8:30 बजे जब वे वापस लौटे तो बेडरूम फैला हुआ और अलमारी टूटी पड़ी थी। उन्होंने तुरंत पति को फोन कर चोरी की जानकारी दी। घर में लगे CCTV फुटेज देखने पर पता चला कि शाम 6:30 बजे मकान मालिक का बेटा आकाश आहूजा छत से होते हुए किरायेदार के घर में दाखिल हुआ। उसने बाहर वाले गेट की कुंडी लगाई और फिर बेडरूम में जाकर अलमारी तोड़ी। फुटेज में अलमारी तोड़ने की आवाज भी साफ सुनाई दी।फरियादी ने बताया कि अलमारी में रखे 19 तोला सोने के जेवर और 1.5 लाख रुपए नकद चोरी हुए हैं। जेवरों में शादी के समय मिले 14 तोला सोना शामिल था, जिसमें मंगलसूत्र, अंगूठियां, टॉप्स और गले की चेन थीं। इसके अलावा रक्षा बंधन पर भाई से मिला 50 ग्राम का सोने का सिक्का भी चोरी हो गया। नकदी किटी पार्टी की राशि थी।

फरियादी के पति सुमित वाधवानी ने बताया कि मकान से पहले भी कुछ सामान गायब हुआ था। इसी कारण 22 अगस्त को CCTV कैमरे लगाए गए थे। कैमरे लगाने के सिर्फ पांचवें दिन ही चोरी की बड़ी वारदात हो गई।

देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि आरोपी आकाश आहूजा पर चोरी का केस दर्ज किया गया है। CCTV फुटेज में उसकी मौजूदगी साफ दिखाई दे रही है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## आईटीआई की विभिन्न ट्रेड में प्रवेश प्रक्रिया हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के कक्षा आठवीं एवं कक्षा दसवीं पास छात्र-छात्राओं के लिए आईटीआई महाविद्यालय में विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आईटीआई महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को एक सुनहरा अवसर भी प्राप्त हो रहा है। प्रवेश प्रक्रिया 1 सितंबर से प्रारंभ हुई है जो 10 सितंबर तक चलेगी। इस दौरान रिक्त सीटों पर विभिन्न कोर्स में विद्यार्थी अपनी योग्यता अनुसार प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निर्धारित की गई है। सभी सीटें अनारक्षित हैं। सभी वर्गों चाहे वह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से हो चाहे वह ओबीसी या सामान्य वर्ग के हो अथवा महिला या पुरुष हो सभी के लिए एडमिशन प्रक्रिया ओपन है। आईटीआई महाविद्यालय नर्मदापुरम के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि संभागीय आईटीआई महाविद्यालय नर्मदापुरम में ड्राइवर कम मैकेनिक फैकल्टी की 12 सीट, ड्रोन टेक्नीशियन की 11, फैशन डिजाइनिंग की तीन आदि में आवेदन कर सकते हैं।

## जिले के 4.54 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक दवा, चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 23 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। इस दिवस पर 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 4,54,950 बच्चों एवं 20 से 49 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। उक्त संबंध में जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में आयोजित बैठक में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला समन्वयक रामविजय सूर्यवंशी ने जानकारी दी कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 400 मि.ग्रा. एल्बेंडाजोल की आधी गोली पीसकर स्वच्छ पानी के साथ, 2 से 3 वर्ष के बच्चों



को पूरी एक गोली पीसकर पानी के साथ तथा 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों को पूरी एक गोली चबाकर पानी के साथ दी जाएगी।मीडिया प्रभारी सुनील साहू ने बताया कि जिले में इस अभियान के अंतर्गत कुल 99,766 बच्चे 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग, 1,24,321 बच्चे 6 से 10 वर्ष आयु वर्ग , 383 बच्चे मदरसों से, 1,35,182 बच्चे 11 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को दवा दी जाएगी।

## स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में स्कूल कैबिनेट का गठन, छात्रों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में आज एक गरिमामय अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सत्र 2025-26 के लिए नवगठित स्कूल कैबिनेट ने शपथ ग्रहण की। इस भव्य समारोह में विद्यालय की प्राचार्य मोना चटर्जी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सैश और बैज पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मोना चटर्जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह आप सभी में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करेगा।₹ उन्होंने सभी चयनित छात्रों को उनके नए उत्तरदायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस समारोह में स्कूल कैबिनेट के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा के लिए एजुकेशन मिनिस्टर और डिसिप्लिन मिनिस्टर का भी चयन किया गया।

## राज्यसभा सांसद नारोलिया ने अस्पताल में फल वितरण व पौधरोपण कर मनाया सेवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश हेमंत खंडेलवाल के जन्मदिन पर बुधवार को भाजपा नर्मदापुर मंडल द्वारा 'सेवा दिवस' के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अस्पताल, नर्मदापुरम में मरीजों को फल वितरण कर की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



इसके उपरांत सांसद नारोलिया ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस सेवा कार्यक्रम में नपाध्यक्ष नीतू यादव, भाजपा झुझोप्र प्रदेश संयोजक अखलेश खंडेलवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, महेंद्र यादव, मनोज शर्मा नंदकिशोर यादव, महेश सेन, मनीष परदेशी, कमल चव्हाण, सुंदरम अग्रवाल, अनिल दुबे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होम साइंस कॉलेज में निकला वन्य जीव, छात्राएं हुईं भयभीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के होम साइंस गर्ल्स कॉलेज के क्लासरूम में बुधवार को एक कबर बिज्जू के घुसने से क्लासरूम में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान छात्राएं डरकर बाहर भाग गईं। प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन को सूचना मिलने पर उन्होंने वन विभाग को बुलाया। वनरक्षक विनोद सुलेटिया और उनकी टीम कॉलेज पहुंची और पूरी सावधानी से उस जीव को पकड़ कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वन विभाग ने बताया कि इस जानवर को स्थानीय भाषा में "कबर बिज्जू" कहा जाता है। यह एक सिवेट प्रजाति का निशाचर स्तनधारी जीव है।इसे लोग



"कब्र खोदकर शव खा जाने वाले जानवर" के रूप में जानते है। हालांकि स्थानीय वन अधिकारियों का मानना है कि यह जीव आमतौर पर फल, कीट और छोटे जीव ही खाता है। यह मनुष्यों के लिए सीधे तौर पर खतरनाक नहीं है।

## भाकिसं की अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न, किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय किसान संघ जिला नर्मदापुरम की जिले के विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक अपर कलेक्टर देवेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में संपन्न हुई । भारतीय किसान संघ के संभागीय प्रचार प्रसार प्रमुख उदयकुमार पाण्डेय नें बताया कि वर्ततमान में किसान संबंधी निम्न समस्याएं व्याप्त है, खाद का संकट व्याप्त है, मूंग उपार्जन का भुगतान नहीं हुआ है, जिनकी चर्चा अधिकारियों से की गयी है अधिकारियों नें समस्याओं को बिंदुबार सुनकर तत्काल निराकरण करनें का आश्वासन किसान संघ को दिया है। रासायनिक खाद डीएपी



यूरिया का पर्याप्त मात्रा में वितरण किया जाए, वर्तमान में किसानों को यूरिया डीएपी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जिले की समस्त शासकीय समितियों के माध्यम से ही खाद का नगद वितरण किया जाए । वर्तमान में खरीफ फसल धान को ध्यान यें रखकर मध्यप्रदेश सरकार की घोषणानुसार पर्याप्त 10 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए, जले हुए ट्रांसफार्मर शीघ्र बदले जाएं एवं ओव्हरलोड ट्रांसफार्मर की भार क्षमता बढ़ायी जाए । वर्तमान में विद्युत मंडल द्वारा किसानों की अनुपस्थिति में मोटर पंपों की भार क्षमता अधिक नापी जा रही हे,तथा किसानों की इस समस्या की सुनवाई करके निराकरण भी नहीं किया जा रहा है शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाए।

## पोषण अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग तृप्ति त्रिपाठी के निर्देशन में बुधवार को संभाग के जिला बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम में कार्यरत समस्त जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक (डीसी/बीसी) का पोषण अभियान अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर नर्मदापुरम के सभाकक्ष में किया गया। क्षेत्रीय समन्वयक, एम्स भोपाल मनोज चौहान ने उपस्थित प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इसमें बच्चों का सही-सही शारीरिक माप (वजन, लंबाई/ऊंचाई) लेने, बच्चों के पोषण स्तर ज्ञात करने तथा शुद्ध व सटीक आंकड़े संपर्क एप में दर्ज करने की जानकारी दी गई।

### डोल ग्यार पर निकाले गये डोल, जगह-जगह भक्तों ने किए दर्शन

## योग निंद्रा में भगवान ने बदली करवट, जिले भर में मनाई गई झूला ग्यारस, जयघोष के साथ निकले भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा में डोल ग्यारस का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बुधवार शाम 6 बजे प्राचीन छतरी मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण का फूलों से सजा डोल निकला। डोल यात्रा गोटियापुरा से होकर पत्थर पुल और नगर के मुख्य मार्ग से गुजरी। यह गांधी चौक और जेल रोड होते हुए शक्ति घाट तक पहुंची।





डोल यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। छतरी मंदिर डोल ग्यारस समिति ने डोल के साथ भगवान नरसिंह की आकर्षक झांकी भी सजाई। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा। युवा ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते रहे।समिति सदस्य मोहन राठौर के अनुसार, नगर में विभिन्न समाजों द्वारा 7-8 डोल निकाले जाते हैं। सभी डोल मुख्य मार्गों से होकर शक्ति घाट तक जाते हैं। मार्ग में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन करते हैं।

### धूमधाम से निकाली झांकी

**सेमरी हरचंद।** डोल ग्यारस महोत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नगर में भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालु भक्तों की भक्ति भाव में कोई बारिश भी भारी मैं भी बढ़-चढ़कर भगवान के दर्शन करें पूजन अर्चन किया ढोल श्री रामचंद्र जी पंचायती मंदिर, सरजू बाई की माड़िया मंदिर, राधा कृष्ण छोटे मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर पीपल चौक, रामचंद्र जी मंदिर स्टेशन रोड नगर के प्रमुख मंदिरों से सुशोभित होता हुआ भगवान कन्हैया लाल की अनुपम झांकी को सजाकर कन्हैयालाल नगर भ्रमण पर निकले रामलीला चौक पर एकत्रित हुए वहां जलवास कराया गया। धूमधाम से डोल ग्यारस का पर्व मनाया गया।

## मातृ मृत्यु निगरानी एप का प्रशिक्षण हुआ संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मातृ, प्रसवकालीन एवं नवजात शिशुओं की जीवन रक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से डीटीसी नर्मदापुरम में 3 सितंबर को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत और सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण में समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, डीपीएम कविता भोई, डीसीएम, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम कॉर्डिनेटर, मैट्रन, नर्सिंग ऑफिसर, बीपीएम, बीसीएम एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए। राज्य स्तर से आए विशेषज्ञ अभिलाषा बकला एवं शाहीन खान (स्टेट प्रोग्रामर) ने प्रतिभागियों को एप्लिकेशन डाउनलोड करवा कर प्रशिक्षित किया।

## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा पर्यूषण पर्व




**शाहपुर।** नगर के जैन मंदिर में पर्युषण पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को पर्यूषण पर्व का उत्तम तप दिवस रहा। पिपरिया से पहुंचे विजय मोही ने बताया कि 28 अगस्त से पर्व का शुभारंभ हुआ। जिसका शाहपुर में जैन समाज के बंधु गण तो पर्व का पूर्ण भक्ति भावना के साथ लाभ ले रहे हैं। नगर के सभी समाज के लोग इस पर्व में सम्मिलित होते हैं। यह बहुत ही खुशी की बात है। आज मंदिर के पूजन विधि से लेकर प्रसादी और मंदिर में चवर चढ़ाए गए। कार्यक्रम अभय जैन, आलोक जैन के भक्तिमय सहयोग से संपन्न हुआ। सभी माता बहनों और पुरुष वर्ग भगवान की भक्ति में झूम उठे। सभी ने मिलकर पूर्ण भक्ति के साथ आरती वंदना की।

### लल्ली चौक रास्ता बना वन वे

**बैतूल।** शहर में निर्माणाधीन सडक़ों के चलते लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने लल्ली चौक रोड पर बड़ा बदलाव किया है। शिवाजी चौक से लल्ली चौक तक के मार्ग को वन-वे (एकतरफा मार्ग) घोषित किया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य ट्रैफिक को सुगम बनाना और जाम की स्थिति से राहत दिलाना है। शिवाजी चौक से कलेक्ट्रेट होते हुए लल्ली चौक तक सडक़ निर्माण का कार्य चल रहा है। काम के दौरान भी भारी वाहनों की आवाजाही के कारण कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। ट्रैफिक बाधित होने और नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए यह मार्ग फिलहाल एक तरफा कर दिया गया है। लल्ली चौक से होकर कलेक्ट्रेट और फिर शिवाजी चौक की ओर आना अब प्रतिबंधित रहेगा। विशेष रूप से चारपहिया, मालवाहक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहनों का इस मार्ग पर प्रवेश निषेध है। ऐसे वाहन अब लल्ली चौक से कोठी बाजार बस स्टैंड, मुल्ला पेट्रोल पंप होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। बस स्टैंड से जिला न्यायालय के सामने से होकर शिवाजी चौक जाने वाले मार्ग पर भी अब अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। ऐसे वाहन लल्ली चौक की ओर घूमकर, वहां से पेट्रोल पंप चौक होते हुए आगे बढ़ सकेंगे।

### स्वाध्याय संघ का वार्षिक सम्मेलन 6 से

**बैतूल।** अखिल भारतीय सामायिक स्वाध्याय संघ का वार्षिक सम्मेलन बैतूल जैन स्थानकवासी श्रावक संघ के तत्वाधान में 6 और 7 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जैन दादावाड़ी परिसर में आडा आसान त्यागी गुरुदेव शीतल राज जी म.सा की पावन निश्रा में संपन्न होगा। संघ के प्रचार मंत्री सतीश पारख ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य श्रावक एवं श्राविकाओं के साथ-साथ युवाओं में सामायिक और स्वाध्याय के प्रति जागरूकता लाना है। इस सम्मेलन में लगभग 700 से 800 श्रावक, श्राविकाएं और युवक-युवतियों के आने की संभावना है।

#### चौपाटी का 1.70 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

# नेहरू पार्क की दुकानों का बराबर पार्टीशन कर होगा शेड निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका महानगरों की तर्ज पर शहर की चौपाटी का सौंदर्यीकरण करवाएगी और यहां संचालित 125 दुकानों को व्यवस्थित किया जाएगा। पार्टीशन करके सभी दुकानों को अलग-अलग किया जाएगा। दुकानों के ऊपर शेड डालकर दुकानों के सामने फाइबर और स्टील की डिजाइन लगाई जाएगी, ताकि दुकानें अव्यवस्थित ना लग सकें। दरअसल शहर के नेहरू पार्क के पास चौपाटी स्थित है, यहां कई दुकानदार चाट, आईस्क्रीम सहित विभिन्न प्रकार की चटपटी खाद्य चीजों की दुकाने लगाते है। प्रतिदिन यहां सुबह और शाम के समय भारी संख्या में लोग पहुंचते है। इस चौपाटी की रंगत बदलने नगरपालिका ने योजना बनाई है, जिसके लिए 1 करोड़ 70 लाख की डीपीआर बनाई थी। जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद इसके टेंडर किए थे। टेंडर ओपन होने के बाद ठेकेदार को जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। बताया गया कि यह प्रोजेक्ट भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल और नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर के प्रयासों से शुरू होगा और इसका लाभ दुकानदारों के साथ-साथ आमजनों को भी मिलेगा।




**टेंडर हो गए हैं**

नेहरू पार्क की चौपाटी का सौंदर्यकिरण के लिए टेंडर हो गए हैं। ठेकेदार से जल्द ही एग्रीमेंट करके वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। 125 दुकानों को दोनों ओर पार्टीशन, फाइबर और एल्यूमीनियम के शेड बनाकर व्यवस्थित किया जाएगा।
- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नपा बैतूल

### अभी चौपाटी पर दुकानों का एक समान नहीं है साइज

नेहरू पार्क पर लंबे समय से चौपाटी लग रही है। यहां दुकानों के साइज एक समान नहीं है, जिससे अव्यवस्थित दुकानें लगने से यहां आने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। लेकिन अब चौपाटी के सौंदर्यीकरण के बाद यहां पर फाइबर और एल्यूमीनियम से शेड का निर्माण सडक़ किनारे दोनों साइड दुकानों के ऊपर किया जाएगा। इसके बाद सभी दुकानें एक साइज की रहेंगी। दुकानों का अलग-अलग पार्टीशन होगा, ताकि दुकानदारों को कोई परेशानी ना हो। जहां पर दुकानें लगाई जाएंगी, वहां पर फ्लोर बनाया जाएगा। इससे दुकानदारों के अलावा ग्राहकों को भी परेशानी नहीं होगी।

### पाथ-वे के साथ लैंप लाइट लगेंगे

वर्तमान में चौपाटी पर लगने वाली 125 दुकानें अव्यवस्थित लग रही है। यहां पर आए दिन जाम के हालात बनते हैं। चौपाटी के बीच व्हाइट टॉपिंग सडक़ का निर्माण भी चल रहा है। व्हाइट टॉपिंग सडक़ के बाजू में पाथ-वे का भी निर्माण होगा। इससे इस मार्ग पर आने वाले जाने में भी आसानी होगी। दुकानों के अंदर लैंप वाले लाइट लगाए जाएंगे। जिससे यहां आने वाले लोगों को महानगरों की तर्ज पर चौपाटी का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस कार्य के टैंडर तो हो चुके है, लेकिन अभी वर्क आर्डर जारी नहीं किये है। जैसे ही वर्कआर्डर जारी होगे, काम भी तेजी से शुरू कर दिया जायेगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर 150 पौधों का किया रोपण



**भौंरा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के जन्मदिन के अवसर पर भौंरा नगर के गेट मोहल्ला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न प्रजातियों के 150 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुधीर नायक, जय किशोर मिश्रा, संजय खंडेलवाल, शशिकांत मिश्रा, उत्तम वर्मा, संतोष मालवीय, वीरेंद्र ठाकुर, पिंटू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। जनपद सदस्य सुधीर नायक ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी ने अपने जन्मदिन को सादगीपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान किया था। उनके संदेश को ध्यान में रखते हुए भौंरा के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर जन्मदिन को यादगार बनाया। पौधारोपण से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा। भाजपा कार्यकर्ता जय किशोर मिश्रा का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान के अनुरूप जन्मदिन पर किसी प्रकार का भव्य आयोजन नहीं किया गया।

## योग्यता को मिला सम्मान,कमलेश दोबारा बने जिला महामंत्री



**सारनी।** सारनी क्षेत्र के युवा नेता एवं प्रखर वक्ता कमलेश सिंह को भारतीय जनता पार्टी में दुबारा महामंत्री बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार द्वारा हाल ही में घोषित जिला कार्यकारिणी महामंत्री पद पर कमलेश सिंह को रिपीट किया गया है, वहीं दो नए महामंत्री बनाये गए हैं। पिछले कार्यकाल में बूथ प्रबन्ध प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने एवं पार्टी के प्रति निष्ठावान रहने के कारण उन्हें रिपीट किया गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सारनी के रूप में सन 1996 से भाजपा का कार्य कर रहे कमलेश सिंह ने जिले विशिष्ट पहचान बनाई है एवं जिला स्तर पर कई दायित्वों का निर्वहन किया है। वे भाजपा की जिला कार्यकारिणी में एक बार जिला मंत्री, दो बार जिला उपाध्यक्ष, एक बार जिला महामंत्री रहे हैं और एक बार फिर से उन्हें महामंत्री बनाया गया है। वे प्रखर वक्ता के साथ-साथ कुशल मंच संचालक एवं लेखक भी है। उनके द्वारा लिखित पुस्तक-सतपुडा के गुमनाम शहीद काफी चर्चित हुई है। कमलेश के दुबारा महामंत्री बनने से उनके समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है।

#### अस्पताल में किया फल वितरण, असहायों को कराया भोजन, फिर किया पौधा रोपण

## भाजपा ने सेवा कार्य कर मनाया खंडेलवाल का जन्मदिवस



**बैतूल।** मध्य प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के जन्म दिवस पर जिला भाजपा परिवार ने सेवा कार्य कर मनाया। इस कडी में सुबह जिला अस्पताल में मरीजो को फल वितरण करने के पश्चात दोपहर को दीनदयाल रसोई में असहाय लोगो को भोजन करवाने के बाद बैतूल गंज मंडल के रामनगर में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि हमारे नेता हेमंत खंडेलवाल जी जनसेवा को ही सर्वोत्तम नीति मानते है इसीलिए उनके जन्मदिवस पर विभिन्न मंडलो में सेवा कार्य के रूप में जन्म दिवस मनाया जा रहा है। केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके ने कहा कि भाजपा परिवार के लिए सेवा साधना की तरह होती है हमारे यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सर्वे भवन्तू सुखिनः के भाव के साथ कार्य करते है। उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व से कार्यकर्ताओ को नई उर्जा के साथ सेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होती है। वहीं आमला विधायक डा. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष सादा जीवन उच्च विचार के राजनीति में बिरले उदाहरण है और आज उनके जन्म दिवस पर सेवा कार्य हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी के लिए शुभ अवसर है। इस अवसर पर जिला महामंत्री कमलेश सिंह, कृष्णा गायकी, डा.महेन्द्रसिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेश फाटे, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर आदि रहे मौजूद।

#### बार-बार काम पेटी पर दिए जाने का किया विरोध

## मुख्यमंत्री के नाम सतपुडा ठेकेदार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**सारणी।** सतपुडा कॉन्टैक्टर एसोसिएशन द्वारा सतपुड़ा प्लांट में छोटे-बड़े कामों को मर्ज कर बड़े ठेके निकाले जाने का विरोध किया गया। इस विषय में सतपुड़ा कॉन्टैक्टर एसोसिएशन द्वारा पिछले कई समय से चिंतन मंथन किया जा रहा था एवं अंतत इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री के नाम मुख्य अभियंता सारणी को ज्ञापन सौंपा गया। सतपुड़ा ठेकेदार संगठन के अध्यक्ष नन्हे चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष दिनेश साबले, संयुक्त सचिव समीम रिजवी उपाध्यक्ष महेश चौहान ने बताया कि सतपुड़ा प्लांट में पिछले कई समय से छोटे-छोटे कामों को मर्ज कर बड़े ठेके निकालने की प्रथा चलाई जा रही है एवं यह बड़े ठेके जिस भी कंपनी को मिलते हैं, उस कंपनी द्वारा यह काम एक ही पेटी कॉन्टैक्टर को पेटी पर दे दिया जाता है। सतपुड़ा कॉन्टैक्टर संगठन मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी जगदीश आहूजा, नारायण सोलंकी, उपाध्यक्ष अनु सातनकर और कुलदीप देशमुख ने बताया कि पूर्व में ऐसा नहीं होता था एवं अनुभवी और कार्यों में कुशल ठेकेदारों द्वारा प्रबंधन से उचित दरों पर काम लेकर सकुशल कार्य किए जाते रहे हैं एवं पूर्व में श्रमिकों के शोषण के मामले भी इस तरह सामने नहीं आते थे। अब ठेकेदारों द्वारा एक राय होकर ज्ञापन के माध्यम से प्रबंधन से मांग की गई थी। छोटे कार्यों को मर्ज करने की प्रथा को बंद किया जाए, एक ही ठेकेदार को बार-बार पेटी पर कार्य नहीं दिया जाए। सतपुड़ा ठेकेदार एसोसिएशन द्वारा यह भी तय किया गया कि जल्दी ही मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर सतपुड़ा प्लांट में कामों को मर्ज करने की प्रथा को बंद करने एवं एक ही ठेकेदार को काम पेटी पर न दिए जाने के संबंध में भेंट की जाएगी।

## मोक्षधाम में अव्यवस्थाओं को लेकर कुंबी समाज ने सौंपा ज्ञापन



**सारनी।** नगरपालिका सारनी का मोक्षधाम बदहाली और अव्यवस्था का जीता जागता उदाहरण बन गया है। यहां अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शोकाकुल परिजनों को असुविधा और अव्यवस्थित माहौल का सामना करना पड़ता है। क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन ने मोक्षधाम की बदहाल स्थिति को लेकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने नगरपालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर सुधार कार्य की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि 1 सितम्बर को शिवाजी प्रांगण में आयोजित समाज की बैठक में संगठन विस्तार और समाजहित से जुड़े कई विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा नगर के मोक्षधाम की दुर्दशा रहा। संगठन के अध्यक्ष विजय पड़लक ने कहा कि अंतिम संस्कार स्थल ऐसा स्थान है जहां हर नागरिक को एक दिन आना पड़ता है, किंतु वहां की व्यवस्था देखकर शर्मिंदगी महसूस होती है। छत जर्जर होकर टपक रही है, शवदाह के लिए केवल एक ही स्थान है, लकड़ी की कमी बनी रहती है और साफ-सफाई नाममात्र की है। बारिश हो या धूप—शोकाकुल परिजनों को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होती। संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद करोड़ों रुपये खर्च कर शहर के चौक-चौराहों और गलियों का सौंदर्यीकरण कर रही है, लेकिन मोक्षधाम जैसे पवित्र और जरूरी स्थान की अनदेखी हो रही है। गौरतलब है कि कई बार श्मशान घाट पर एक ही समय पर दो से अधिक शव आ जाते हैं, लेकिन सीमित स्थान के कारण संस्कार में भारी परेशानी होती है। लकड़ी की आपूर्ति के लिए कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं है। वहीं प्रकाश व्यवस्था, पानी और नियमित सफाई की कमी से वहां का वातावरण और भी असुविधाजनक हो जाता है। संगठन ने कहा कि यह केवल समाज का नहीं, बल्कि पूरे नगर का मुद्दा है। यदि नगर पालिका प्रशासन ने शीघ्र सुधार कार्य प्रारंभ नहीं किया, तो समाज संगठन नगरवासियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन खड़ा करेगा।

### भौंरा फॉरेस्ट कॉलोनी में गणेश उत्सव की धूम



**भौंरा।** नगर के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित कावडक़र निवास पर गणेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजमान होने के बाद से प्रतिदिन भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहता है। आयोजक ओमप्रकाश कावडक़र ने बताया कि गणेशोत्सव हमारी आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इस दौरान घर-परिवार एवं समाज को एकजुट करने का कार्य होता है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति का संचार होता है। गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम आरती के साथ विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं अंतिम दिन विधि-विधान से विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी।

### संविदा कर्मचारियों ने किया सुंदरकांड पाठ

**बैतूल।** प्रदेशभर के संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन तेज कर दिया है। संयुक्त संघर्ष मंच के बैनर तले कर्मचारियों ने मंगलवार 3 सितंबर को सरकार की सद्बुद्धि के लिए सुंदरकांड का पाठ किया। उनका कहना है कि संविदा नीति 2023 लागू करने की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन सरकार अब तक ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने साफ कहा है कि यदि जल्द फैसला नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। संघ के जिला अध्यक्ष डैनी गौड़ ने बताया कि विगत एक माह से संविदा कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से लगातार सरकार तक अपनी मांग पहुंचा रहे हैं। कर्मचारियों की मुख्य मांग संविदा नीति 2023 को लागू करने की है। लेकिन मांग पूरी न होने पर सभी संविदा कर्मियों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर भगवान से प्रार्थना की कि सरकार संविदा कर्मचारियों के प्रति सहानुभूतिपूर्वक निर्णय ले और मानवीय मूल्यों के आधार पर संविदा नीति को सभी विभागों में तत्काल लागू करे।

#### जैसे ही गठबंधन टूटेगा, सरकार धड़ाम से गिर जाएगी: पटवारी

## वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे के साथ कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

जिले की सियासत में बुधवार को कांग्रेस ने बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर नेता, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बैतूल पहुंचकर वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का नेतृत्व किया। इस दौरान पटवारी ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि वोट चोरी में पहले कई प्रदेशों में एक भी विधायक भाजपा का नहीं था। चुनाव में वहां पर भाजपा की सरकार बन गई। विधायकों को आपने चुना और उन्हीं विधायकों ने जाकर सरकार बना ली, तो आपके वोट का क्या महत्व। वोट की ताकत नहीं बचेगी, तो तानाशाही आएगी, इसका सीधा असर जनता पर पड़ेगा। पांच लाख नौकरी देने का प्रधानमंत्री का वादा झूठा निकला और अब चोरी से सरकार बनाई जा रही है। नरेंद्र मोदी की सरकार बैशाखी है, पर जैसे ही गठबंधन टूटेगा, सरकार धड़ाम से गिर जाएगी। यह बात उन्होंने शिवाजी आडिटोरियम में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कही। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा और पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे। इसके बाद सभी कांग्रेसी रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी व्यापक इंतजाम किए थे। सभा स्थल के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि ताप्ती कंजेंवेशन बनने से हमारे दस गांव जा रहे हैं। इससे जिले को फायदा होने की जगह आदिवासियों को नुकसान हो रहा है। भाजपा में चाल, चरित्र के आधार पर श्रेय लेने की होड़ मची है। इसी वजह जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि जिले में न तो कोई बड़ा कारखाना है और न कोई बड़ा शिक्षण संस्थान है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर विभाग में कमीशन बाजी चल रही है और दूसरी ओर किसान खाद-बीज के लिए परेशान हो रहे हैं।

#### कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की ली बैठक

## दस्तक अभियान में कम उपलब्धि वाले विखं को कारण बताओ नोटिस जारी




**बैतूल।** एनआईसी कक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े से समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े ने सिकल सेल, दस्तक अभियान, 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, संस्थागत प्रसव की सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग को अधिक से अधिक बढ़ाने एवं चिन्हित मरीजों को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दवा मुहैया कराने की जिम्मेदारी के लिए बीएमओ को निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराये जाने, सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं की शत-प्रतिशत जानकारी पोर्टल एप के माध्यम से अपडेट करने के निर्देश दिये।

#### दुकानों के मूल्य वृद्धि का मामला होगा परिषद में तय

# नगर पालिका बस स्टैंड दुकान की खोलेगी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगरपालिका द्वारा बस स्टैंड दुकानों के किराए में की गई वृद्धि, दिए गए नोटिस एवं दुकाने सील किए जाने को लेकर बस स्टैंड व्यापारियों में भारी रोष है। आज बस स्टैंड व्यापारियों ने संजय यादव, महेश पाठक, सुमित शिवहरे, अनिल सोनी के नेतृत्व में नगर पालिका पहुंचकर नगर पालिका के व्यापारियों के प्रति व्यवहार पर विरोध जताया इसके बाद नगर पालिका सभा कक्ष में व्यापारियों एवं नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी के बीच हुई चर्चा में यह तय किया गया कि हाल ही में सील की गई दुकान का ताला तत्काल नगर पालिका खोलेगी साथ ही मूल्य वृद्धि के प्रस्ताव को परिषद बैठक में रखा जाएगा जीसके बाद परिषद के निर्णय के अनुसार किराया वृद्धि तय कर लागू की जाएगी। इस प्रकार अब मूल्य वृद्धि की गेंद पार्षदों के हाथ है और यह देखना रोचक होगा कि जनता से चुनकर भेजे गए जनप्रतिनिधि अपना क्या रुख अख्तियार करते हैं। नई दर लागू होने के बाद नवीनीकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी नगर पालिका पहुंचे व्यापारियों ने बताया कि मनमानी ढंग से मूल्य वृद्धि का कोई औचित्य नहीं है यह मूल्य वृद्धि व्यापारियों के लिए बड़ा संकट साबित होगी।

### नगरपालिका पैसे तो वसूलती है दुकानों का नहीं करती रखरखाव

व्यापारियों ने कहा कि नगर पालिका व्यापारियों से पैसा तो वसूलती हैं किंतु नगर पालिका की दुकानों के रखरखाव पर ध्यान नहीं देती अधिकांश दुकानें खस्ता हाल हो चुकी है छतो से पानी टपक रहा है व्यापारियों का लाखों का नुकसान हो रहा है अगर व्यापारी अपने पैसे से सुधारते हैं तब भी नगरपालिका कर्मचारी परेशान करते हैं। बस स्टैंड व्यापारी संघ द्वारा नगर पालिका अधिकारी को सौपी गए आवेदन में कहा गया।

### व्यापारियों के रोजी-रोटी से नहीं किया जा सकता खिलवाड़

17 दुकानों में हाईकोर्ट द्वारा विस्थापन की व्यवस्था कराने पर ही 17 दुकानों को डिस्मेंटल करने का निर्देश हुआ है। इससे यह साबित होता है कि किसी भी दुकानदार/व्यापारी की रोजी रोटी एवं रोजगार से बेदखल नहीं किया जा सकता। आपके दिये नोटिस पर दुकान सील करना न्यायालय का निर्देश इसी श्रेणी में आता है। प्रशासनिक स्तर पर आप जो भी निर्णय चले उक्त में नियमों का पालन अनिवार्य है। आपसे आग्रह है वैकल्पिक रास्ता चुने ताकि व्यापारी/दुकानदार सम्मानित तरीके से अपना रोजगार चला सके। आप हमारे संगठन से चर्चा करे ताकि कोई बीच का रास्ते निकल सके। नगर पालिका पहुंचकर आवेदन सौंपने वालों में ओम प्रकाश शेख आसिफ, रमेश साहू, राजेश खसरादे, संतोष राय, ज्ञानेश्वर राव खंडागले, फारुख खान, गोविंद साहू ,शेख सलीम, जगदीश चंद पवार आदि प्रमुख है।

संक्षेप खबर

## समीतियों में होगा खाद का वितरण

**पिपरिया।** अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया है कि इस सप्ताह में दो रैंक लग रही है। जिनमें मुख्य रूप से यूरिया डीएपी खाद की प्राप्ति होगी।रैंक से प्राप्त होने के बाद पर्याप्त मात्रा में सभी सेवा सहकारी समिति को प्रदान किया जवेगा। जिसका वितरण भी समितिके माध्यम से प्रधानकिया जाएगा उन्होंने सभीकिसानों से अपील की हे सभी समितियों से संपर्क करें। अनुविभाभी अधिकारी ने बताया पिपरिया बनखेड़ी विकासखंड की समितियां में 575 टन यूरिया एवं 750टन डीएपी तथा शोभापुर संबंधित समितियां में 243टन यूरिया खाद भेजा जा रहा है।

पर्याप्त मात्रामे खाद्य प्राप्त हो रहा है 4 सितंबर 2025 गुरुवारको नगद खाद्य वितरण डबल लॉक में किया जावेगा अनुविभागीय अधिकारीने कहा की डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा प्रतिदिन टोकन नंबर 151से 300तक वितरण करेंगे।इसी तरह से प्रतिदिन 150किसानको डबल लाक से वितरण किया जाएगा। तथा सभी समीतीया असली वहीं पर सील लगातार अपडेट करेंगे ।एक ही किसान अलग-अलग स्थानों पर से नहीं लेगा।

### नगर परिषद में जारी पीएम आवास योजना 2.0 के 1005 आवेदनों की स्क्रूटनिंग

# एक-एक आवेदन का हो रहा माइक्रो वेरीफिकेशन, लगे थे गड़बड़ी के आरोप

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत शहर के 15 वार्डो से प्राप्त आवेदनों की छंटनी एवं स्क्रूटनिंग का कार्य नप कार्यालय में दो दिनों से जारी है। 1005 आवेदन शहरी क्षेत्र में लाभ के लिये जमा किये हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत शहर के 15 वार्डो से प्राप्त आवेदनों की छंटनी एवं स्क्रूटनिंग का कार्य नप कार्यालय में दो दिनों से जारी है। बताया जाता है कि योजनांतर्गत 1005 आवेदन शहरी क्षेत्र में लाभ के लिये जमा किये गए हैं।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के आदेश अनुसार सभी वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्ड क्षेत्र के आवेदनों की जांच कर रहे हैं। जानकारी अनुसार आवेदनों की संख्या अत्यधिक है और प्राथमिकता आधार पर पात्र आवेदकों का चयन किया जाना है। और यह नपकर्मियों के लिये बहुत बड़ी चुनौती है। क्योंकि जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावी लोगों के दबाव को दरकिनार करते हुए पात्रों तक सरकारी योजना का लाभ पहुंच पाना शासकीय कर्मचारी एवं शासकीय व्यवस्था के लिए सोहागपुर क्षेत्र में वर्तमान में बहुत मुश्किल हो चुका है। फिर भी नप में आवास योजना शाखा के कर्मी सावधानी बरतते हुए आवेदनों की जांच का कार्य कर रहे हैं।

### लग चुके हैं आरोप

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर नगर परिषद पर प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के आवेदन प्राप्त होते ही भ्रष्टाचार की संभावना के आरोप लग चुके हैं। गत सप्ताह ही कांग्रेसियों के नेतृत्व में आमजनों ने सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी से शिकायत की थी कि सोहागपुर नप में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में मुंहदेखी कार्यवाही की जा रही है। कांग्रेस नेताओं व आमजनों ने वास्तविक पात्र लोगों को योजना का लाभ देने की मांग प्रशासन से की थी। वहीं दबी जुबान में यह आरोप भी लगा है कि कई प्रभावित लोग गलत शपथ पत्र देकर योजना का लाभ लेना चाह रहे हैं।

### आवश्यक है सत्यापन

मामले में नागरिकों का कहना है कि योजनांतर्गत प्राप्त आवेदनों की वार्डवार सत्यापन प्रक्रिया नगर परिषद द्वारा शुरू की जानी चाहिए। जिसमें यह जांच हो सके कि जितने भी लोगों ने आवेदन दिए हैं उनके आवेदक होने की पात्रता कितनी सही है। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अपात्र व्यक्ति लाभ न ले जाए तथा पात्र लोग योजना के लाभ से वंचित न रह जाएं। सूत्रों के अनुसार दबाव व मिलीभगत के माध्यम से कुछ अपात्र लोग प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ लेने के लिए प्रयत्नशील हैं।

## शराब के नशें में गाड़ी चलाते बाइकर पर पुलिस ने किया जुर्माना

### 51 प्रकरणों में वसूला 54 हजार रुपए समन शुल्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही दौरान सोहागपुर पुलिस के सामने शराब के नशे में वाहन दौड़ाने के मामले भी आए हैं। इसी तरह के एक प्रकरण में पुलिस ने शराबी बाइकर पर कड़ी कार्यवाही कर समन शुल्क की बड़ी राशि वसूली है। सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को यातायात के नियमों का पालन न करने पर 12 प्रकरणों में चार हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया है। वहीं पिछले दिनों शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाते पाए जाने पर अभिषेक पिता हरिशंकर विश्वकर्मा निवासी मातापुरा के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिसमें अभिषेक की बाइक जप्त की गई थी तथा प्रकरण का इस्तगाशा न्यायालय सोहागपुर में पेश किया गया था। उक्त मामले में न्यायालय द्वारा धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 10 हजार 500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है। वहीं सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी एवं पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें। चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें एवं शराब पीकर किसी भी प्रकार का वाहन ना चलाएं।टीआई ऊषा मरावी ने बताया कि गत एक सप्ताह से जारी यातायात जागरूकता अभियान अंतर्गत वाहन चालकों से त्रुटि एवं नियम उल्लंघन पर जुर्माना वसूली की गई है। एएसआई गणेश राय से प्राप्त जानकारी अनुसार यातायात नियम पालन कराने एवं यातायात के नियमों के विरुद्ध जाने वालों के अभी तक 151 प्रकरण हुए हैं। जिनसे 54 हजार रुपये समन शुल्क जमा कराया गया है। वहीं ऑनलाइन जुर्माना भी यूपीआई के माध्यम से जमा हुआ है। इस माध्यम से 1300 रुपये का समन वसूल किया गया है।

## 40 शिक्षकों का विपिन जोशी स्मारक समिति करेगी सम्मान

### शिक्षकों का होगा पद-प्रक्षालन और महाआरती रहेगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कल शिक्षक दिवस पर विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी द्वारा आयोजित होने वाला 41वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह इस वर्ष एक नए उत्साह और भव्यता के साथ प्रमोद पगारे द्वारा स्थापित सरस्वती पुत्र सम्मान श्री अनंत गंगोला को प्रदत्त कर मनाया जाएगा।उक्त आशय की जानकारी समिति अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट ने दी। यह प्रतिष्ठित समारोह 'द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट', होशंगाबाद रोड, इटारसी में शाम 5 बजे से 10 बजे के बीच आयोजित होगा। इस वर्ष देशभर से चुने गए 40 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।



स्व बालकृष्ण जोशी (विपिन)

समारोह का मुख्य आकर्षणः पदप्रक्षालन और महाआरती

इस वर्ष के आयोजन का सबसे खास पहलू चयनित शिक्षकों का पद प्रक्षालन और सामूहिक महाआरती है, जो गुरुओं के प्रति सम्मान की एक अनूठी परंपरा को दर्शाता है। यह आध्यात्मिक और भावनात्मक पल शिक्षकों के सम्मान में एक अद्भुत रोमांच और गौरव का अनुभव देगा।

समिति के अध्यक्ष रमेश के. साहू (एडवोकेट)सचिव विनीत चौकसे,कोषाध्यक्ष नीलेश जैन सहित वरिष्ठ सदस्यों ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची पूर्व में ही पत्रकार वार्ता के माध्यम से जारी कर दी थी। इस सूची में देश के विभिन्न हिस्सों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों के नाम शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक शिक्षकों से लेकर प्रोफेसर और प्राचार्य तक शामिल हैं। 41वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सरस्वती पुत्र सम्मान अनंत गंगोला (उत्तराखंड,बंगलौर और म. प्र.के आदिवासियों कसाथ केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ शिक्षा नीतियों पर कार्य करने वाले) वाली हस्ती को प्रदान किया जाएगा। साथ ही ज्ञानगंगा सम्मान, विवेक सागर सम्मान, कर्मा रत्न सम्मान, अर्जुन सम्मान, सांदीपनी सम्मान, विश्वामित्र सम्मान सहित अन्य श्रेणियों के तहत कुल 40 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

### पत्रकार प्रमोद पगारे द्वारा रखी गई थी नींव

विपिन जोशी स्मारक समिति की नींव पत्रकार प्रमोद पगारे द्वारा रखी गई थी। उनके द्वारा यह राष्ट्रीय स्तर का शिक्षक सम्मान समारोह सन 1985 में शुरू किए गए सरस्वती पुत्र सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाता है। इस मंच ने कई ऐसे शिक्षकों को सम्मानित किया है, जिन्हें बाद में राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार भी प्राप्त हुए। अपनी शुरुआत के बाद से आज तक यह समारोह अपनी एक अलग पहचान बना चुका है।

कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति स्वर मालिका म्यूजिक क्लास, इटारसी के शिष्यों द्वारा दी जाएगी और पंडित सरवन नगाइच के सानिध्य में स्वस्ति वाचन किया जाएगा। समिति ने शहर के सभी नागरिकों से इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन करने और कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

## वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में छीपा नामदेव समाज की बैठक हुई संपन्न

**माखन नगर।** नगर की नामदेव छीपा समाज की बैठक रविवार को नामदेव छीपा मंदिर में हुई जिसमे समाज के मंदिर का निर्माण के प्रस्ताव को सर्वसम्मिति से पारित किया गया सभी के सहयोग से अति शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक मे समाज अध्यक्ष, प्रदीप मंडवाल पूर्व अध्यक्ष संजय नागर समाज के वरिष्ठ रामनारायण चचौड़िया सज्जन मंडवाल सतीश आचार्य आशीष कांसलीवाल रिंकू कासलीवाल सहित समस्त पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे अंत मे सभी का आभार व्यक्त किया गया। वहीं सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किये जाने का संकल्प लिया।

## भोजन से हटाएं फास्ट फूड, सम्मिलित करें मोटा अनाज, फल व सब्जियां: डॉ. नीखरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




स्थानीय पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजनांतर्गत पोषण आहार सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा द्वारा विद्यार्थियों एवं रासेयो स्वयं सेवकों को पोषण आहार संबंधी जानकारियां दी गईं। अन्य वक्ताओं ने संतुलित भोजन के प्रति जागरूकता के प्रसार के लिये स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों एवं स्वयं सेवकों से कहा कि भोजन के प्रति समाज में जागरूकता लाना एक बहुत बड़ी जनसेवा हो सकती है। क्योंकि भोजन लेने के तरीके एवं इससे जुड़े समय की सीमा का पालन स्वास्थ्य के प्रति बहुत आवश्यक होता है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राध्यापक यशवंत यादव, कीर्ति दुबे, कार्यक्रम अधिकारीद्वय आसिया खान व जीएस ठाकुर तथा स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### छोड़ें फास्ट फूड

कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा ने रासेयो स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों को पोषण आहार के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने संतुलित भोजन एवं विभिन्न वर्ग के लिए आवश्यक भोज्य पदार्थ की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा कहा कि आयु वर्ग के अनुरूप आहार के पोषक तत्वों का चयन किया जाना स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अति आवश्यक है। उन्होंने फास्ट फूड से दूरी बनाते हुए मोटे अनाज, फल एवं सब्जियों को दैनिक आहार में सम्मिलित करने का आह्वान भी स्वयं सेवकों से किया।

## डोल ग्यारस: योग निद्रा में लीन भगवान श्री हरि ने बदली करवट, निकाले डोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

बुधवार को डोल ग्यारस के मौके पर माखन नगर विकासखंड अंतर्गत नगर सहित ग्रामीण अंचलों में डोल ग्यारस बड़े धूमधाम से मनाई गई। दरअसल बुधवार सुबह से ही मंदिरों में भगवान के डोलो को सजाया गया वहीं शाम को हाथी घोड़ा पालकी ,,जय कन्हैया लाल की, के जयकारों के साथ भगवान के डोल नगर व ग्रामीण अंचलों में निकाले गए जहां भक्तों ने भगवान की पूजन अर्चन कर भगवान का आशीर्वाद लिया ।

### आंचलखेड़ा में भी मनाई डोल ग्यारस

विकासखंड के ग्राम आंचलखेड़ा में भी बुधवार को डोल ग्यारस के मौके पर गांव की परंपरा अनुसार भगवान का डोल निकाला गया जहां गांव के सभी नागरिकों ने भगवान की पूजन की वहीं मंदिर में आरती कर प्रसाद वितरण किया।

### ढोल में बैठकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान





**माखन नगर।** धार्मिक परंपरा के अनुसार भादो मास की शुक्ल एकादशी तिथि पर भगवान राधा कृष्ण डोल में बैठकर प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण करते हैं बुधवार को जल झूलनी ग्यारस डोल ग्यारस पर नगर के मंदिरों के विमान रामलीला मैदान में एकत्रित हुए जहां नगर परिषद अध्यक्ष रीना तिवारी एवं पार्षदों सहित नगर वासियों ने भगवान का पूजन किया वही जगह-जगह विमान के साथ चल रहे है मंदिर के पुजारी का भी अंग वस्त्र देकर स्वागत सम्मान किया उसके बाद बाजे गाजे के साथ चल समारोह निकला सभी विमान जल बिहार के लिए जनपद पंचायत स्थित राधा कुंड पहुंचे भगवान ने जल बिहार किया और नगर भ्रमण पर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकले अलग-अलग विमान नगर के अलग-अलग मोहल्ले में पहुंचे जहां मोहल्ले वासियों ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की की जय कार करते हुए विमान के नीचे से निकल कर आशीर्वाद लिया।

## डोल ग्यारस पर भगवान निकले विमान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र एवं सभी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्षकी तरह इस वर्षभी डोल ग्यारस जल झूलनी गयारस पर भद्र पदमा शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को परिवर्तनीय एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पैसे एकादशी को और भी नामसे जाना जाता है। शास्त्र के अनुसार तथा पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान अपनी योग निद्रा के दौरान इस दिन करवट बदलते हैं इस कारण से परिवर्तनी एकादशी कहाजता है।

हिंदू धर्म शास्त्र के अनुसार जलझूलनी एकादशी तिथि को और भी कई नाम से जानाजाता है। इस दिन भगवान मंदिरोंसे निकाल कर विमान में सवार होकर अपने भक्तों के कंधों पर बैठकर नगर भ्रमण करतेहैं। भगवान जब डोले में



बैठकर निकलते हैं तो डोल ग्यारस कहा जाता है और उसेडॉल के नीचे से लोग निकल कर परिक्रमा करते हुए पुण्य प्राप्त करतेहैं। प्रत्येक मंदिरके द्वारा गांवएवशहर में दोला निकल जाते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान कृष्ण ने युधिष्ठिरको एकादशी का महत्व बताया था एकादशीकरता से। और पूजन से भगवान विष्णु को कमल का पुष्प अर्पित करता है उसे अंत में भगवान की प्राप्ति होती है। कई तरह की कथाएं शास्त्रों के अनुसार कही गई है इस दिन त्रिलोक पूजन के समान पुण्य प्होताहै। जलझूलनी एकादशी के दिन दसवीं की रात में ब्रह्मचर्य का पालन करतेहुए एकादशीका पूजन करने का संकल्प किया जाता है भगवान विष्णु को भोग लगाया जाता है। इस तरह की अनिल को कथाएं प्रचलित है ऐसाकरने से लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। राम-जानकी मंदिर रिपटा मंदिर सहित अन्य सभी से डॉल निकल जाते है।


### 6 सितंबर को अनंत चतुदर्शी पर होगा श्रीगणेश विसर्जन

# नर्मदांचल में मची गणेशोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नर्मदांचल में गणेशोत्सव की धूम लगातार जारी है पंडालों में भगवान श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के बाद निरंतर आराधना की जा रही है। वहीं छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भी अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। शहर की विभिन्न कालोनियों, मोहल्लों और ग्रामीण अंचलों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। बच्चों के नृत्य, प्रतियोगिताएं, भजन, सुंरदकाण्ड पाठ इत्यादी कार्यक्रम दर्शकों का मन मोह रहे हैं। इसी तरह सेमरी हरचंद की स्टेशन रोड जमुनिया, तिवारी कालौनी, अंबेडकर वार्ड, ग्राम झालौन, लव कुश मंदिर, बाल गणेश मडल जमुनिया द्वारा प्रतिमाएं स्थापित की गई है जो दर्शकों का मनमोह रहीं है।











## पचमढ़ी रोड का होगा चौड़ीकरण अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद पिपरिया केदारानगर में एक अलग ही इतिहास लिखा जा रहा है। कायाकल्प योजना के अंतर्गत सभी मुख्य मार्ग चौड़ा किया गया है। और सभी नाले नालियों को भी चौड़ा किया गया है।और सभी सड़कों पर नवीन पोल अलग अलग से लगाकर करसभी में स्ट्रीट लाइट लगाई जारही है। पचमढ़ी रोड पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन गणेश उत्सव चलने के कारण तथा नवरात्रि आनेके कारण पचमढ़ी रोड पर भी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल उपाध्यक्ष संतोष परते पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय नगर पालिकारोशनी शाखा प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा अरुण कुमार रुपेश मौर्य सभी पार्षदों अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में पचमढ़ी रोड पर लाइट का शुभारंभ किया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया का दिया प्रशिक्षण

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं व पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम होना है। जिसके संबंध में प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों को बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन शाखा सोहागपुर से प्राप्त जानकारी प्रक्रिया में मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम आयोग द्वारा जारी किया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में नगर पालिका प्राधिकरण कर्मचारियों एवं पंचायत प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)**

दूरभाष (07575)- 278264 E-mail-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/1018,1019/लो.नि.वि./2025 सोहागपुर दिनांक .01/09/2025

**// दावा आपत्ति इस्तहार सूचना//**

अपात्र हितग्राहियो की प्रथम सूची

एतद् द्वारा समस्त नागरिको को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद सोहागपुर सीमान्तर्गत वार्ड क्र 01 से 15 तक में मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 बी.एल.सी. घटक के तहत प्राप्त आनलाइन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर भौतिक सत्यापन तथा पात्रता परीक्षण किया गया है। परीक्षण उपरांत प्रथम द्रष्टता 315 अपात्र हितग्राहियो की अनन्तिम सूची तैयार की गई है। उक्त सूची नगर परिषद कार्यालय में चस्पा की गई है। जो कि कार्यालयीन समय में दिनांक 10.09.2025 तक अवलोकन की जा सकती है।
उक्त सूची में शामिल हितग्राहियों की कोई आपत्ति हो तो वे लिखित में दस्तावेज सहित निर्धारित समयावधि में दोपहर 01:00 बजे तक दिनांक 10.09.2025 तक कार्यालय में जमा कर सकते है । उक्त समयावधि पश्चात् कोई भी दावा-आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सोहागपुर**

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री उईके आज हरदा आएंगे

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 4 सितंबर को हरदा आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री उइके प्रातः 10 बजे बैतूल से हरदा के लिये प्रस्थान करेंगे। श्री उइके 11 बजे हरदा पहुँकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनमन, धरती आबा आदिवासी ग्राम उत्कर्ष अभियान तथा आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। मंत्री श्री उइके दोपहर 3 बजे हरदा से बैतूल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### 5 और 6 को बंद रहेगी मंडी

**हरदा।** कृषि उपज मंडी में 5 और 6 सितंबर को उपज की नीलामी नहीं होगी। मंडी सचिव हरनारायण भिलाला ने यह जानकारी दी। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन हरदा के अध्यक्ष ने इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है। 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन होगा। इसी दिन जैन समाज के पर्युषण पर्व का भी समापन है। वहीं 5 सितंबर को ईद-ए-मिलाद का शासकीय अवकाश है। मंडी सचिव ने किसानों से अपील की है कि वे इन दोनों दिनों में अपनी कृषि उपज को मंडी प्रांगण में विक्रय के लिए न लाएं। मंडी में विपणन और नीलामी का कार्य पूरी तरह से बंद रहेगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**हरदा।** जिले में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी और खिरकिया में किया जावेगा।ॉ नोडल अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, चोरी के मामलों को छोडकर विद्युत एवं जलकर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा मामलों जो सेवा निवृत्ति संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दिवानी मामले तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर ने कहा लोक अदालत का लाभ उठायें।

### नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के लिए 972.16 करोड़ मंजूर

**हरदा।** मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग कुल लंबाई 72.18 किलोमीटर के दो लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिये हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल योजनांतर्गत भू-अर्जन सहित राशि 972 करोड़ 16 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना के अंतर्गत 2 अंडर पास, 4 बड़े पुल, 37 मध्यम पुल, 14 वृहद जंक्शन एवं 52 मध्यम निर्माण कार्य किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त जंक्शन सुधार, सुरक्षा उपाय, रोड मार्किंग और रोड फर्नीचर का कार्य भी किया जायेगा। मार्ग निर्माण और संधारण की कंसेशन अवधि 17 वर्ष रहेगी।

### श्रमिकों का पंजीयन ई-श्रम पोर्टल पर 5 तक

**सीहोर।** गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा अन्य असंगठित श्रमिकों के पंजीयन अभियान के अंतर्गत ई-श्रम पोर्टल www.eshram.gov.in पर अपने मोबाइल के माध्यम से अथवा अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर संपर्क कर पंजीयन किया जा सकता है। निःशुल्क पंजीयन के लिए आधार नंबर, आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर तथा आई.एफ.एस.सी. कोड सहित बचत खाता क्रमांक की आवश्यकता होगी।श्रम विभाग द्वारा व्यापक अभियान प्रारंभ किया गया है। पंजीयन की प्रक्रिया पाँच सितंबर तक। होगी। पंजीयन की प्रक्रिया के अंतर्गत www.eshram.gov.in पर "ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन" पर क्लिक कर उपरोक्तानुसार समस्त जानकारी चाही गई।

---

तेज बारिश से कनारदा, बालागांव व कुकरावद के पास नदी का पानी पुल से बह रहा

# 100 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

में पिछले 24 घंटों में हुई तेज बारिश से सभी नदियां उफान पर आ गई हैं। जिले में गत चौबीस घंटों में 76.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 74.9 मि.मी., टिमरनी में 65.4 मि.मी., खिरकिया में 75.2 मि.मी., सिराली में 88.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 78.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 973 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 842 मि.मी., टिमरनी में 1125.3 मि.मी., खिरकिया में 1002.7 मि.मी., सिराली में 996.5 तथा रहटगांव में 898.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 3 सितम्बर तक 895.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। मटकुल नदी में उफान के कारण रहटा खुर्द के पास पुल पर 4-5 फीट पानी भर गया है। कनारदा, बालागांव और कुकरावद के पास भी नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। इससे करीब 100 से ज्यादा गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर कडोला गांव के पास मटकुल नदी ने रास्ता रोक दिया है। पुल पर पानी भरा होने के बावजूद बस चालक सवारियों से भरी बसें निकाल रहे हैं। हरदा से मसनगांव की ओर जाने वाली दो एंबुलेंस के चालकों ने भी मरीजों को लेकर पुल पार किया। स्थिति की गंभीरता के बावजूद पुल पर न तो पुलिस तैनात है और न ही होमगार्ड के जवान मौजूद हैं। इसके चलते बाइक सवार और अन्य वाहन चालक जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे हैं।

**24 घंटों में जिले में 76.4 मिमी औसत वर्षा**



जिले में गत चौबीस घंटों में 76.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 74.9 मि.मी., टिमरनी में 65.4 मि.मी., खिरकिया में 75.2 मि.मी., सिराली में 88.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 78.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 973 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 842 मि.मी., टिमरनी में 1125.3 मि.मी., खिरकिया में 1002.7 मि.मी., सिराली में 996.5 तथा रहटगांव में 898.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 3 सितम्बर तक 895.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

---

आम व जाम के 10 पौधे लगाए

# कलेक्टर ने साइक्लिस्ट के साथ किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साइक्लिस्ट सुबोध विजय गांगुर्डे के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होने आम व जाम के 10 पौधे लगाए। इस अवसर पर लायंस क्लब हरदा की अध्यक्ष अंजू भायरे, उपाध्यक्ष सुनीता बागरे तथा सचिव शीनू बंसल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने गांगुर्डे से मुलाकात कर उनकी यात्रा के बारे में जानकारी ली। उन्होने श्री गांगुर्डे को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनकी सफल यात्रा की मंगल कामना की। महाराष्ट्र के रायगढ़ के रहने वाले 26 वर्षीय श्री गांगुर्डे ने बताया कि वे देश में साइकिल से भ्रमण कर रास्ते भर पौधे लगाते आ रहे हैं। उनका अंतिम पड़ाव माउण्ट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचना है। पिछले साल शुरू हुई साइकिल यात्रा दो साल बाद 2027 में पूरी होगी। श्री गांगुर्डे ने बताया कि वे पहले भी माउंट एवरेस्ट पर फतह कर चुके हैं। वह बीते 4 साल से लद्दाख, हिमाचल व उत्तराखंड में टूरिस्ट गाइड का काम करते आ रहे हैं। उनकी यात्रा 19 जून 2024 को शुरू हुई थी। यात्रा अब तक 442 दिन पूरी कर चुकी है। अभी तक वह लगभग 40 हजार किलोमीटर का सफर कर लगभग 36 हजार पौधों का रोपण कर चुके हैं। वे देश के पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान से होकर मध्य प्रदेश के हरदा पहुंचे हैं। इसके बाद वे गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु की ओर बढ़ेंगे।

---

नगर वासी, जनप्रतिनिधि ने विमान की पूजा अर्चना की

# डोल ग्यारस पर धूमधाम से निकाले विमान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की



**रहटगांव।** प्रति वर्ष अनुसार डोल ग्यारस पर निकले विमान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। तहसील में डोल ग्यारस पर्व बुधवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर के अलग-अलग मंदिरों से सजे धजे चार विमान बैंड बाजे के साथ निकल गए। विमान की पूजा मार्ग में अलग-अलग वार्डों में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर की।

कई जगह गणेश उत्सव समितियां द्वारा शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। जगह-जगह प्रसादी भी बांटी गई। आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे भी लगाए गए। नगर के नगर वासी जनप्रतिनिधि द्वारा भी विमान की पूजा अर्चना की इस दौरान सैकड़ो की संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

### भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा विराजित की



**रहटगांव।** युवा जागृति मित्र मंडल रहटगांव द्वारा जेपी परिसर में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा विराजित की है। युवा जागृति मित्र मंडल समिति के अध्यक्ष विजय गौर, अमित गौर ,बबलू मीणा ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा विगत 20 वर्षो विराजित की जा रही है। भगवान गणेश की सेवा की जा रही है। प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। भगवान गणेश का विशेष भोग लगाया जाता है। महाप्रसादी प्रत्येक दिन भगवान गणेश की आरती पूजन के बाद भक्तों को दी जाती है। वही समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष उपहार योजना भी चलाई जाती है। दूर-दूर से भगवान गणेश के दर्शन करने के लिए भक्त भगवान गणेश के पंडाल में आते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

---

महाविद्यालय में उमंग स्वास्थ्य शिविर संपन्न

# स्वस्थ तन और स्वस्थ मन होगा तो जीवन उमंग से परिपूर्ण रहेगा, डॉ. भावना करोड़े






हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा।

स्वस्थ तन और स्वस्थ मन होगा तो जीवन उमंग से परिपूर्ण रहेगा। यह बात चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावना करोड़े ने स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस गतिविधि के तहत बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कही। उमंग स्वास्थ्य शिविर में डॉ. भावना करोड़े के साथ दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुषी गुप्ता एवं आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. परमानंद छलौत्रे ने छात्र-छात्राओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया ।शिविर में विद्यार्थियों की सामान्य स्वास्थ जाँच के साथ आंखो, दांतों व ब्लड शुगर की जाँच की गई। स्वस्थ्य यकृत मिशन के तहत ऊँचाई, वजन और कमर की माप ली गई व बीएमआई अनुसार कम वजन वाले बच्चों को पोषक तत्वों से युक्त आहार के बारे में बताया गया। वहीं अधिक वजन मोटापा वाले बच्चों को व्यायाम और फास्ट फूड से बचने की सलाह दी गई तथा स्वस्थ्य जीवनशैली के लाभ की जानकारी दी गई ।

### विद्यार्थियों से सेवाओं का लाभ लेने की अपील की

शिविर के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं प्रशासकीय अधिकारी श्री बी.के. बिछोतिया ने स्वास्थ्य दल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उमंग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने विद्यार्थियों को खराब जीवनशैली से होने वाली शारीरिक और मानसिक समस्याओं के बारे में बताया। साथ ही उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह इत्यादि पर चर्चा की गई ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा गायकवाड़ एवं राजेश गौर ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी के उपयोग की जानकारी दी। शिविर में 48 आभा आईडी तैयार की गई। नेत्र सहायक दीक्षा काशिव ने आंखों की जॉच की व विद्यार्थियों को प्रतिदिन के स्क्रीन टाईम को कम करने की सलाह दी। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नर्सिंग ऑफीसर अंकित सिंह ने मनहित एप के लाभ की जानकारी दी व विद्यार्थियों को एप डाउनलोड करवाई।

---

# सांप ने महिला को डंसा, परिजन झाड़ फूंक कराने के बाद लाए अस्पताल, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा।

जिले के जुगरिया गांव में सोमवार को एक आदिवासी महिला को सांप ने काट लिया। 50 वर्षीय सुशीला कोरकू सुबह घर के आंगन में पानी भर रही थी। इसी दौरान 2.5 से 3 फीट लंबे सांप ने उनके पैर में डस लिया। परिजन पहले उन्हें झाड़-फूंक के लिए ले गए। लेकिन हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब महिला की स्थिति में सुधार है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर मनीष शर्मा ने तत्काल इलाज शुरू किया। पहले उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। फिर आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इसके बाद एंटी वेनम इंजेक्शन दिया गया, तब जाकर महिला की स्थिति में सुधार आया। डॉक्टर ने कहा कि ज्यादा देर होती तो जान भी जा सकती थी। विशेषज्ञों ने बताया कि एंटी वेनम इंजेक्शन खून में मौजूद जहर को निष्क्रिय कर देता है। इंजेक्शन की एंटीबॉडी सांप के विष से बंधकर उसे बेअसर कर देती है। 1890 के दशक से ही इस तरह का एंटी वेनम बनाया जा रहा है।

**झाड़-फूंक न कराएं-** डॉक्टर शर्मा ने लोगों से अपील की है कि सांप काटने पर झाड़-फूंक न कराएं। इससे वक्त बर्बाद होता है। तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराना चाहिए। जमीन पर सोने से भी मना किया है। उन्होंने कहा- ऐसे मामलों में सही समय पर अस्पताल पहुंचने से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

---

# गांव से लेकर खेतों तक निकाली रैली बीमा कंपनी के खिलाफ लगाए नारे



**सीहोर।** किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान लोग विगत 10 दिन से कहीं नदी में उतर कर तो कहीं पेड़ों पर घंटी बजाकर, कहीं खेतों में प्रदर्शन कर रहे हैं। भोपाल, सीहोर, शाजापुर तीन जिलों के ग्राम भेसावा नागिन, चाँदनी के किसानों का यह प्रदर्शन कर खराब फसल की बीमा राशि की मांग कर रहे हैं। विगत पांच साल से खराब हो रही सोयाबीन की फसल की बीमा राशि देने एवं इस साल खराब हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे मुआवजा देने देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है।

किसानों का आंदोलन आज शाजापुर के भेसावा नागिन के किसानों ने खेतो में बेठकर खराब सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर रैली निकाल कर बीमा कम्पनी के खिलाफ नारे लगाये एवं ग्राम भेसावा नागिन में किसान महापंचायत भी रखी गई। ग्राम चांदनी में किसानों ने खराब सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर खेतों में खड़े होकर जमकर बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाए और सरकार से मांग की है कि किसानों की खराब हो रही फसलों की सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए। वहीं बीमा कंपनी का कृषि अधिकारी राज्य अधिकारी किसानों की शुद्ध नहीं ले रहे। जबकि विगत दिनों किसानों ने किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों गांव के किसान ट्रैक्टर ट्राली से खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय, डिप्टी कलेक्टर को देश के प्रधानमंत्री मोदी जी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर शीघ्र खराब हुई फसलों की बीमा राशि देने की मांग की गई थी और पीला मौजिक बीमारी ने सोयाबीन की फसलों को बर्वाद कर दिया है। किसानों ने सर्वे कराकर आर्थिक सहायता देने की मांग की गई थी। जिसको एक सप्ताह बीत जाने के बाद जब कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर किसानों के बीच में खेतों पर नहीं पहुंचे तो दुखी मजबूर होकर किसानों ने शाजापुर के ग्राम चांदनी के किसानों ने खेतों में खड़े होकर जमकर प्रदर्शन किया। खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर बीमा कंपनी के खिलाफ जमकर नारे लगाए और किसानों का कहना है कि जब तक हमारे खेतों पर आकर खराब फसलों का सर्वे कर बीमा राशि नहीं मिलेगी तब तक हमारा धरना प्रदर्शन सीहोर जिला भोपाल जिला शाजापुर जिला के किसी न किसी गांव में आए दिन प्रदर्शन जारी रहेगा।

---

शिक्षकों के पास प्रतिदिन दिन आ रहे आधा दर्जन से अधिक फर्जी कॉल

# ई-अटेंडेंस के विरोध में प्रांतीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रांतीय शिक्षक संघ ने कलेक्टर प्रतिनिधि वन्दना राजपूत को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ऑनलाइन उपस्तिथि को निरस्त करने के हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 1 जुलाई 2025 से शिक्षकों को चेहरा दिखा कर एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस लगाने को कहा गया है। इसके पूर्व में भी केवल शिक्षा विभाग पर ही ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने के प्रयास किए गए हैं । ई अटेंडेंस लगाने में कई व्यवहारिक कठनाईयां हैं।ग्रामीण एवम दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा नहीं मिल पाती है। जिससे ऑनलाईन उपस्थिति नहीं लग पा रही है ।शिक्षक आनलाइन उपस्तिथि के लिए दो से तीन घंटे परेशान होता रहता है। कई शिक्षक अभी भी मोबाइल का उपयोग भली भांति नहीं कर पाते है। इससे वो ऑनलाईन उपस्थिति नहीं लगा पा रहे हैं जिससे वो मानसिक रूप से परेशान हैं । बड़ी संख्या में शिक्षकों द्वारा उपस्तिथि लगाने पर एप क्रेश हो जाता है । जिससे शिक्षक परेशान होता रहता है।गत दिनों इस एप से डेटा लीक की खबरे आई है क्योंकि एप प्राइवेट डोमेन प्पर बनाया गया है।कई शिक्षक फ्राड के शिकार हुए हैं। इससे यह लगता है कि एप सुरक्षित नहीं है। इससे शिक्षको की बैंक एकाउंट सहित अन्य निजी जानकारी लीक हो सकती है। ज्ञापन में मांग की गई कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया लागू किये जाने से पूर्व शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से पूर्णरूप से मुक्त किया जाए एवं कार्यक्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। समाज में संपूर्ण शिक्षक वर्ग पर ईमानदारी से कार्य न करने का संदेश जाता है जबकि शिक्षक वर्ग शिक्षकीय दायित्यों, संस्थागत कार्यों एवं विभिन विभागीय गतिविधियों के सफलतापूर्वक निर्वहन के साथ-साथ समय-समय पर होने वाले राष्ट्रहित, प्रदेश हित व समाज हित के कार्यों में भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाता है ।